भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 344 | बिजौलिया - सोमवार, 29 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## लोक सेवक बनकर मातृभूमि का ऋण चुकाएं', यूपीएससी चयनित युवाओं से बोले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री निवास पर सिविल सेवा एवं भारतीय वन सेवा-2025 के चयनित अभ्यर्थियों से किया संवाद, कहा- विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को दें नई गति**





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिविल सेवा केवल प्रतिष्ठित पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज की निस्वार्थ सेवा का सबसे बड़ा अवसर है। उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा एवं भारतीय वन सेवा परीक्षा-2025 में चयनित राजस्थान के अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी कर्मभूमि के साथ-साथ मातृभूमि के प्रति भी जिम्मेदारी निभाते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों से आत्मीय चर्चा की और उनके अनुभव सुने। उन्होंने कहा कि कठोर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। यदि युवा लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें तो कोई भी चुनौती उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रशासनिक ढांचे में शामिल होने वाले युवा अब केवल अधिकारी नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की उम्मीदों और विश्वास के प्रतिनिधि हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और प्रशासन संवेदनशील, पारदर्शी तथा जवाबदेह बने। उन्होंने सफल अभ्यर्थियों से आने वाली पीढ़ी को भी राष्ट्र निर्माण और लोकसेवा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बीते ढाई वर्षों में विकास के स्पष्ट रोडमैप पर तेजी से काम कर रही है। पेयजल और विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं, जिससे राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

संवाद के दौरान चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता के अनुभव साझा किए और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईमानदारी, संवेदनशीलता और सेवा भाव ही एक आदर्श लोक सेवक की सबसे बड़ी पहचान होती है।


कार्यक्रम में ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं कार्मिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चयनित अभ्यर्थी अनुज अग्निहोत्री, पक्षाल सेक्रेटरी, प्रवीण रत्नू, अदिति अरोड़ा, अनीता सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

## शराब पार्टी में चली गोली, युवक के पैर में लगी, उम्मेद सागर बांध पर मचा हड़कंप

**शाहपुरा के महेंद्र कहार घायल, जिला अस्पताल से भीलवाड़ा रेफर, फायरिंग को लेकर हादसा या विवाद, जांच में जुटी पुलिस**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



रविवार दोपहर शाहपुरा के उम्मेद सागर बांध पर युवकों की शराब पार्टी के दौरान गोली चलने से सनसनी फैल गई। गोली लगने से गाडरी खेड़ा निवासी महेंद्र कहार गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके पैर में लगी, जिससे काफी खून बह निकला। मौके से लोगों ने तत्काल उसे शाहपुरा जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए उसे भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य भी थाने पहुंचे, जहां कहार समाज के युवाओं की भीड़ जमा हो गई। एएसपी ने युवाओं से बातचीत कर उन्हें शांत किया और आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटनावश गोली चलने का सामने आया है। पुलिस के अनुसार कुछ युवक उम्मेद सागर बांध पर बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। संभावना है कि इसी दौरान शिकार के लिए लाई गई बंदूक से अचानक गोली चल गई, जो महेंद्र कहार के पैर में जा लगी। हालांकि यह कहानी पुलिस के शुरुआती अनुमान से अलग नजर आ रही है। बताते है शराब पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर युवकों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एक युवक ने उत्तेजना में आकर महेंद्र कहार पर सीधे फायरिंग कर दी और वारदात के बाद खेतों की ओर फरार हो गया।


घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। समाज के लोगों ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फरार युवक की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एएसपी राजेश आर्य ने बताया कि पुलिस दोनों पहलुओं दुर्घटनावश गोली चलने और जानबूझकर फायरिंग को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य तकनीकी पहलुओं के आधार पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाएगी। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर बालकिशन शर्मा कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया जाएगा।


## बिजोलिया में 355 किलो अफीम डोडा चूरा के साथ 40 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस व डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई, टाटा सफारी जब्त; 53.25 लाख की खेप बरामद**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजौलिया थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 355 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त लग्जरी टाटा सफारी कार को जब्त करते हुए 40 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 53 लाख 25 हजार रुपए बताई गई है। जिला पुलिस अधीक्षक सागर (आईपीएस) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन एवं वृत्ताधिकारी योगेश शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।पुलिस के अनुसार 27 जून को जिला स्पेशल टीम से मिली सूचना के आधार पर बिजौलिया क्षेत्र में एक काले रंग की टाटा सफारी को रुकवाकर तलाशी ली गई। वाहन से 19 अलग-अलग कट्टों में भरा हुआ कुल 355 किलो अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। मौके से कपिल पुत्र भारमलराम विश्नोई (28) निवासी कंवरजी का खेजड़ी, थाना ओसियां, जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर पुलिस थाना गोटन (नागौर) द्वारा 15 हजार रुपए तथा पुलिस थाना बेंगू (चित्तौड़गढ़) द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इस प्रकार आरोपी पर कुल 40 हजार रुपए का इनाम था।





पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

**पुलिस टीम का रहा विशेष योगदान**

कार्रवाई में थानाधिकारी स्वागत पाण्डया, उपनिरीक्षक नरेश कुमार, डीएसटी के राकेश, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल मनोज, अनिल कुमार, दलवीर एवं रणजीत सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नई राज्यास के पास वेफर्स से भरा टेम्पो पलटा, पिता व दो पुत्र घायल, बड़ा हादसा टला

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



भीम उनियारा राष्ट्रीय राजमार्ग-148डी पर नई राज्यास के पास शनिवार को वेफर्स से भरा एक टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।हादसे में टेम्पो में सवार पिता और उनके दो पुत्रों को हल्की चोटें आई। ग्रामीणों की तत्परता से तीनों को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शी दिलखुश बावरी ने बताया कि गोपाल वेफर्स का टेम्पो शाहपुरा से गुलाबपुरा की ओर जा रहा था।नई राज्यास के समीप अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण बिगड़ गया और टेम्पो सड़क पर ही पलट गया। हादसे में वाहन की बॉडी और आगे का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।सड़क पर टेम्पो पलटने से कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया।सूचना मिलते ही प्रशासक सत्यनारायण भील ने तत्काल जेसीबी मशीन मौके पर भिजवाई। जेसीबी की मदद से टेम्पो को सीधा कर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। प्रशासक सत्यनारायण भील ने बताया कि टेम्पो चालक केकड़ी के नंदराय का निवासी है। फिलहाल वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**ग्रामीणों ने उठाए सवाल, सुरक्षा उपायों की मांग**

घटना के बाद ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-148डी पर लगातार हो रहे हादसों पर चिंता जताई। उनका कहना है कि शाहपुरा से गुलाबपुरा के बीच इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाओं के कारणों की गंभीरता से जांच कर इस ब्लैक स्पॉट की पहचान की जाए तथा सड़क सुरक्षा के प्रभावी और स्थायी उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।वही अरवड़ से शाहपुर के बीच 1 माह में 3 हादसे हो गए..

## समर वैकेशन खत्म, आज से फिर रफ्तार पकड़ेगी हाईकोर्ट की न्यायिक प्रक्रिया

**राजस्थान हाईकोर्ट में नियमित समय पर होगी सुनवाई, नई रोस्टर व्यवस्था भी लागू**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

करीब एक माह के समर वैकेशन के बाद राजस्थान हाईकोर्ट सोमवार से फिर पूरी क्षमता के साथ नियमित रूप से कार्य करेगा। अब तक केवल अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई हो रही थी, लेकिन 29 जून से मुख्यपीठ जोधपुर और जयपुर पीठ में सभी प्रकार के मामलों की नियमित सुनवाई शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही हाईकोर्ट और प्रदेश की अधीनस्थ अदालतें भी मॉर्निंग शिफ्ट से वापस अपने सामान्य समय पर संचालित होंगी।



राजस्थान हाईकोर्ट में 1 जून से 28 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित था। इस अवधि में केवल अर्जेंट मामलों की सुनवाई की जा रही थी। अब अवकाश समाप्त होने के बाद लंबित मामलों की नियमित सुनवाई शुरू होने से न्यायिक कार्यों में फिर से तेजी आएगी।

सोमवार से हाईकोर्ट की कार्यवाही सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित समयानुसार संचालित होगी। गर्मी के मौसम को देखते हुए अदालतें अब तक मॉर्निंग शिफ्ट में चल रही थीं, जिसे समाप्त कर दिया गया है। प्रदेशभर की अधीनस्थ अदालतें भी अब नियमित समय पर ही कार्य करेंगी।

हाईकोर्ट के नए रोस्टर के अनुसार जोधपुर मुख्यपीठ में 18 तथा जयपुर पीठ में 21 न्यायाधीश विभिन्न मामलों की सुनवाई करेंगे। जयपुर पीठ में चार डिवीजन बेंच और 13 सिंगल बेंच गठित की गई हैं। इनमें सात एकलपीठ सिविल मामलों तथा छह एकलपीठ आपराधिक मामलों की सुनवाई करेंगी।

नए रोस्टर के तहत सोमवार से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा जयपुर पीठ में मामलों की सुनवाई करेंगे। नियमित न्यायिक कार्य शुरू होने से वकीलों, वादकारियों और न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# नर्सिंग अधिकारियों की समस्याओं पर मंथन, जल्द समाधान का दिलाया भरोसा



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

उप जिला चिकित्सालय में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई, जिसमें नर्सिंग अधिकारियों की विभागीय एवं व्यक्तिगत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसोसिएशन के भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली का नर्सिंग स्टाफ ने स्वागत किया।

ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष माली ने नर्सिंग अधिकारियों से वन-टू-वन संवाद कर वेतन अपडेट, लंबित एरियर भुगतान, पीएल-सीएल सहित अन्य अवकाशों के निस्तारण में आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली ने कहा कि संगठन नर्सिंग अधिकारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वेतन, एरियर एवं अन्य लंबित मामलों का राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों के स्तर पर शीघ्र समाधान कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी नर्सिंग अधिकारियों से संगठन की मजबूती और एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में चिकित्सालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे और संगठन की पहल का स्वागत किया।

# खांखला में कथित पट्टा अनियमितता मामले में कार्रवाई के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

सहाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खांखला में कथित पट्टा अनियमितता मामले में जिला परिषद की जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जिला परिषद ने विकास अधिकारी सहाड़ा को सात दिन के भीतर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने तथा सक्षम न्यायालय में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता रतनलाल जाट की शिकायत पर गठित जांच समिति ने रिकॉर्ड की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में तत्कालीन सरपंच एवं वर्तमान प्रशासक रतनलाल स्वर्णकार, संबंधित वार्ड पंचों तथा तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पंचायतीराज नियम 156, 157 एवं 167 के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार सरपंच कार्यकाल के दौरान परिवार के सदस्यों के नाम पट्टे जारी करने तथा सड़क सीमा क्षेत्र में व्यावसायिक भूखंड आवंटित किए जाने सहित अन्य अनियमितताओं की बात सामने आई है। साथ ही भूमि आवंटन प्रक्रिया में आवश्यक स्वीकृतियों का पालन नहीं किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। जिला परिषद ने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि समय पर कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक अशोक कोठारी ने पिलाई पोलियो की पहली खुराक, अभियान का किया शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारंभ रविवार को जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में हुआ। शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने स्वयंसेवी संस्थाओं लायंस क्लब प्रताप एवं जायंट्स ग्रुप द्वारा संचालित पोलियो बूथ पर नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर विधायक कोठारी ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को अभियान शत-प्रतिशत सफल बनाने तथा कोई भी बच्चा दवा से वंचित नहीं रहने के निर्देश दिए। साथ ही अभिभावकों से घर-घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीमों का सहयोग करने की अपील की।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि



अभियान के पहले दिन जिले में 2 लाख 67 हजार 856 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। उन्होंने बताया कि 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके।

कार्यक्रम में आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पूजा गंगराड़े, जिला चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़, आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण, डॉ. वीरेन्द्र शर्मा, डॉ. अमूल पारीक, डॉ. कपिल शर्मा, डॉ. इंदिरा सिंह, नर्सिंग अधीक्षक मुकुट राज सिंह सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पल्स पोलियो अभियान सफलतापूर्वक संपन्न, 2034 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा



**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार सुबह से शाम 5 बजे तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 2034 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

अभियान का संचालन डॉ. राहुल चौधरी, मेल नर्स शिवलाल धाकड़, एएनएम लाजवंती कोहली, एलएचवी सीता चतुर्वेदी, आशा सहयोगिनी लीला, दुर्गा, कविता, सोनिया धाकड़ तथा अनिल जी के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया।

# 144 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

ग्राम पंचायत बाकरा में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई गई। अभियान के पहले दिन कुल 144 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। सीएचओ अनीता गुर्जर ने बताया कि 29 व 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएगी। उन्होंने अभिभावकों से प्रत्येक पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को दवा अवश्य पिलाने की अपील की।



अभियान में एएनएम निर्मला मीणा, सोना मीणा, आशा सहयोगिनी कांता प्रजापत, ललिता गुर्जर सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग दिया।

# शाहपुरा में 21 करोड़ की शैक्षणिक उत्कृष्टता योजना के सूत्रधार सत्य नारायण लड्डा को राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान

## ग्रामीण शिक्षा में नवाचार और समर्पण का मिला सम्मान, 29 जून को जयपुर में होंगे सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान तथा ग्रामीण विद्यालयों के समग्र विकास में उत्कृष्ट सहयोग के लिए फूलिया कलां के भामाशाह सत्य नारायण लड्डा को राजस्थान सरकार के प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2026 में 29 जून 2026 को बिड़ला सभागार, जयपुर में आयोजित समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा। लड्डा ने 21 करोड़ रू की लागत से फुलियाकलां में विद्यालय का निर्माण करवाया है।

सत्य नारायण लड्डा का यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र और ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फूलिया कलां से प्राप्त की। वर्षों बाद जब उन्होंने अपने पुराने विद्यालय का पुनः अवलोकन किया तो वहां का दृश्य भावुक कर देने वाला था। विद्यालय में पर्याप्त कक्षाओं का अभाव था और अनेक विद्यार्थियों को पेड़ों की छांव में बैठकर अध्ययन करना पड़ रहा था।

अपने विद्यालय और जन्मभूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए लड्डा ने शिक्षा व्यवस्था में स्थायी परिवर्तन का संकल्प लिया। इसी दूरदर्शी सोच से शैक्षणिक एवं खेल उत्कृष्टता केंद्र योजना की परिकल्पना साकार हुई, जिसका उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को शहरों जैसी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

श्री कल्याण सेवा संस्थान द्वारा संचालित लगभग 21 करोड़ रुपये की यह महत्वाकांक्षी योजना आज ग्रामीण शिक्षा में परिवर्तन का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि आधुनिक आधारभूत संरचना, खेल सुविधाएं, व्यक्तित्व विकास, व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा जीवन कौशल जैसे महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान किए



जा रहे हैं।

संस्थान के अध्यक्ष सुभाष लढ़ा ने बताया कि इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को नई दिशा दी है। जहां पहले संसाधनों की कमी विद्यार्थियों के सपनों में बाधा बनती थी, वहीं अब यह योजना उन सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बन रही है। शिक्षा विशेषज्ञ भी इसे सामुदायिक सहभागिता और नवाचार का प्रेरणादायी उदाहरण मान रहे हैं।

सत्य नारायण लड्डा के दूरदर्शी नेतृत्व, विद्यालय विकास के प्रति समर्पण तथा समाजहित में दिए गए उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए राजस्थान सरकार ने उन्हें 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान-2026 के लिए चयनित किया है। यह सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान देकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया हो।

श्री कल्याण सेवा संस्थान परिवार ने इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र, विद्यालय परिवार और इस योजना से जुड़े सभी सहयोगियों के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। संस्थान के सदस्यों ने कहा कि यह सम्मान भविष्य में शिक्षा सुधार के लिए और अधिक प्रेरणा देगा। फुलियाकलां के क्षेत्रवासियों में भी इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का वातावरण है। सभी ने सत्य नारायण लड्डा को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह सम्मान निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा और यह संदेश देगा कि यदि संकल्प मजबूत हो तो ग्रामीण शिक्षा की तस्वीर बदली जा सकती है।

# प्रतिभाओं के सम्मान से समाज को मिलती है नई दिशा : विधायक बैरवा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

अम्बेडकर शिक्षा जागृति मंच एवं वाल्मीकि समाज, शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में शिक्षा, सामाजिक सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं समाजसेवियों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि शिक्षा समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। शिक्षित और जागरूक समाज ही राष्ट्र निर्माण में प्रभावी



भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान नई पीढ़ी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है। उन्होंने अम्बेडकर शिक्षा जागृति मंच एवं वाल्मीकि समाज द्वारा शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नरेश व्यास, राजकुमार टांक, गोपाल घुसर, राजेंद्र बोहरा, पंकज सुगंधी, शांति प्रकाश घुसर, निर्मल देसाई, गुलाब घुसर, मोहन गुर्जर, डॉ. सरिता खोखर, सुरेश नकवाल सहित जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन, अभिभावक, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# जिला माहेश्वरी सभा के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न, अशोक बाहेती लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला माहेश्वरी सभा के सत्र 2026-29 के चुनाव रविवार को आनंदम् भवन, आजाद नगर में निर्विरोध संपन्न हुए। अशोक कुमार बाहेती लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन होने पर समाजबंधुओं ने पदाधिकारियों का स्वागत किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार बाहेती ने कहा कि नई कार्यकारिणी शिक्षा, सेवा, सामाजिक समरसता, युवा सशक्तिकरण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उत्थान को प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान, महिला स्वरोजगार, चिकित्सा




शिविर, कैरियर मार्गदर्शन और जरूरतमंद परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रदीप बल्दवा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), केदार गगरानी (उपाध्यक्ष-शहर), रामराय सेठिया (उपाध्यक्ष-ग्रामीण), रमेशचंद्र राठी (मंत्री), सुशील कुमार मरोटिया (अर्थमंत्री), संजय जागेटिया (संगठन मंत्री), राजेंद्र कुमार पोरवाल (सहमंत्री-शहर), दिनेश तोषणीवाल एवं मानसिंह मूंदड़ा (सहमंत्री-ग्रामीण) शामिल हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी रतनलाल मण्डोवरा ने नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व महासभा सभापति रामपाल सोनी ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए समाज हित में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की मासिक बैठक संपन्न, मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान का निर्णय

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**


श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, सावर की मासिक बैठक रविवार को खिड़की महादेव मंदिर परिसर में समाज अध्यक्ष बनवारी लाल सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में समाज के मार्गदर्शक देवी लाल सोनी, ओमप्रकाश सोनी, ओमप्रकाश सोनी आदाणिया, शंभू सोनी, मंत्री राजकुमार सोनी, कोषाध्यक्ष गणेश सोनी, श्याम सुंदर सोनी सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान समाज हित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही सभी सदस्यों से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि समाज की मासिक बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिल सके और समाज के विकास संबंधी विषयों पर समय-समय पर निर्णय लिए जा सकें। इस दौरान समाज की आय-व्यय का लेखा-जोखा भी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदित किया गया।

QUICK BITES

## जिले में जनाधार खो चुकी कांग्रेस युवाओं को कर रही गुमराह, भाजपा राज में हुई रिकॉर्ड नियुक्तियां - प्रशांत मेवाड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस जिले में अपना जनाधार और जनता के बीच विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भीलवाड़ा की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों में अपना मजबूत भरोसा जताया है।

मेवाड़ा ने कहा कि अपनी इस बदतर राजनीतिक स्थिति से बौखलाई कांग्रेस के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। यही वजह है कि वह युवाओं और छात्र वर्ग को पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर गुमराह कर खुद को उनका झूठा हितैषी साबित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने याद दिलाया कि देश के भविष्य और युवाओं के साथ सबसे बड़ा खिलवाड़ खुद कांग्रेस के शासनकाल में हुआ, जब रिकॉर्ड पेपर लीक हुए और दर्जनों परीक्षाएं निरस्त करनी पड़ीं।

इसके विपरीत, भाजपा सरकार ने अपने इस कार्यकाल में युवाओं को 1.25 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं और 1.35 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। साथ ही, आगामी 1.25 लाख नई भर्तियों का कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है। वहीं युवा हितैषी भाजपा सरकार द्वारा अब तक 3.46 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण भी दिया गया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ भाजपा सरकार सदैव आमजन के कल्याण के लिए समर्पित है।

## सावर में भाजपा की बैठक, 'मन की बात' के साथ संगठनात्मक कार्यक्रमों को मिली गति

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**दिलखुश**

सावर रैंप पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत एवं एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंगलाल भील के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के उपरांत बूथ अध्यक्षों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी ने प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल डिजिटल लर्निंग शिविर अभियान के तहत सरल ऐप से प्रमाण-पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा कार्यकर्ताओं से 'मन की बात' कार्यक्रम को भी सरल ऐप पर दर्ज कर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

बैठक में मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण मलावत, महावीर प्रसाद सेन, मंडल उपाध्यक्ष रोहित गुर्जर, आदित्य शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह शक्तावत, हर्षित कुमावत, मोहसिना बानो, रामनिवास मीणा, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष सोजीराम लोढ़ा, धर्मपाल गुर्जर, विमल कुमार जैन, चिरंजी लाल कहार सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रावणा राजपूत समाज की बैठक में सामाजिक एकता व शिक्षा पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान की महिला प्रदेश महामंत्री निशा कंवर गौड़ के नेतृत्व में रविवार को समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन लादू सिंह राणावत, प्रहलाद सिंह चौहान, रतन सिंह सांखला एवं हिम्मत सिंह राणावत सहित अन्य समाजबंधुओं ने भाग लिया।

बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि समाज को एक समान पहचान 'रावणा राजपूत' नाम से दी जाए। साथ ही समाज के होनहार एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए भामाशाहों के सहयोग से प्रोत्साहन एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज की मातृशक्ति तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा सरकार द्वारा प्रस्तावित जातिगत जनगणना में जाति कॉलम में 'रावणा राजपूत' अंकित करवाने के लिए समाजबंधुओं को जागरूक करने का निर्णय लिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि समाज की महिलाओं की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

इस अवसर पर एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, राजू सिंह, आशीष सिंह, अभिषेक सिंह, महेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में अखिल भारतीय रेगर समाज छात्रावास विकास समिति की नई कार्यकारिणी गठित

### रतनलाल मुंडेतिया बने अध्यक्ष, एडवोकेट कमलेश मुंडेतिया को मिली सचिव की जिम्मेदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**




अखिल भारतीय रेगर समाज छात्रावास विकास समिति, शाहपुरा की बैठक रविवार को छात्रावास परिसर में वरिष्ठ समाजसेवी देबीलाल नींदरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा समाज के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में रतनलाल मुंडेतिया को समिति का अध्यक्ष तथा एडवोकेट कमलेश कुमार मुंडेतिया को सचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा मेवालाल जगरवाल एवं लादूराम जारोटिया को उपाध्यक्ष, हंसराज जाबरोलिया को कोषाध्यक्ष, चंद्रप्रकाश इंदौरिया को सह सचिव तथा देबीलाल नींदरिया, रणजीत नींदरिया एवं कैलाशचंद्र इंदौरिया को संरक्षक बनाया गया।

नई कार्यकारिणी के गठन के बाद समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

नवनियुक्त सचिव एडवोकेट कमलेश मुंडेतिया ने कहा कि नई कार्यकारिणी छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, बेहतर सुविधाओं और उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि आगामी माह में समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं छात्रावास में सहयोग देने वाले भामाशाहों का जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष रतनलाल मुंडेतिया ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है। छात्र-छात्राओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने समाज में एकजुटता, सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के प्रति प्रेरणा बढ़ाने का आह्वान किया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष देबीलाल नींदरिया, रतनलाल आरटिया, रामेश्वरलाल रेगर (पारोली), मोहनलाल रेगर, भंवरलाल रेगर, माधुलाल रेगर, संपतलाल रेगर (रहड़), ब्रह्मदत्त रेगर (जहाजपुर), रामपाल रेगर (रासेड), प्रहलाद रेगर, आनंद मुंडेतिया, मदनलाल जगरवाल, मेवालाल जगरवाल, कैलाशचंद्र इंदौरिया, चंद्रप्रकाश रेगर, रणजीत रेगर (गणेशपुरा), गोपाललाल जारोटिया, धन्नालाल रेगर (अरनिया रासा), बंसीलाल रेगर, भेरूलाल रेगर सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय पर सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात

### मोदी के आह्वान पर गणेश चतुर्थी पर भारत की माटी से मूर्तियां बनाने का लें संकल्प - सी पी जोशी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 135वे संस्करण का प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी के सान्निध्य में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोश और उत्साह से देखा एवं सुना।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि मन की बात श्रवण के बाद सांसद सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी के आह्वान पर आगामी गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की जगह भारत की मिट्टी से मूर्तियां तैयार करने का संकल्प लेने और गणेश उत्सव समितियों को इसके लिए प्रेरित करने का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, पर्यावरण, खेल और स्वास्थ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जो भी नए नवाचार हो रहे हैं, पीएम मोदी उन्हें पहचानते हैं और देश की जनता के साथ साझा करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक रेडियो प्रसारण नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भावना और उनके मन की बात है, जिसे पीएम मोदी इस मंच के माध्यम से देश के सामने रखते हैं। इस कार्यक्रम का समाज पर बेहद अनुकूल और सकारात्मक परिणाम देखने को मिलता है। यह देश को सकारात्मकता और विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इससे पूर्व सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा ने सभी का स्वागत किया।



इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी सहित कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, कल्पेश चौधरी, विशाल गुरुजी, मंजू चेचाणी, अशोक तलाईच, सुरेंद्र सिंह मोटरास, आरती कोगटा, ललिता कंवर, कांता शर्मा, ललित अग्रवाल अंकुर बोरदिया, शशांक बिड़ला, भूपेंद्र सिंह बिलिया, अभिश्रुता सोलंकी, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, महेंद्र नायक, नागेन्द्र सिंह राव, मुकेश सोनी, पुनीत प्रताप सिंह, पंकज क्षोत्रिय, जगदीश गुर्जर, सीमा चौधरी, नंदलाल गुर्जर, भगवती प्रसाद जोशी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेपर लीक पर सांसद सीपी जोशी का कांग्रेस पर तीखा वार

### कांग्रेस के राज में पेपर लीक माफिया को मिलता था संरक्षण, हमारी सरकार में तुरंत होता है एक्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नीट पेपर लीक मामले को गलत दिशा देकर कांग्रेस द्वारा देश के युवाओं को गुमराह किए जाने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने भाजपा जिला कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है।

सांसद सीपी जोशी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि वे एक 'फेलियर स्टूडेंट' की तरह हैं, जो अपने आप को देश की जनता के सामने साबित नहीं कर पाए और यह बात उन्होंने खुद भी साबित



कर दी है। '

**कांग्रेस राज में हुए रिकॉर्ड पेपर लीक**

सांसद जोशी ने राजस्थान के पिछले घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में राजस्थान में लगातार लगभग 19 बार पेपर लीक की घटनाएं हुईं। उन्होंने दावा किया कि जब कांग्रेस सरकार में पेपर लीक होते थे, तो 'राजीव गांधी स्टडी सर्कल' से जुड़े कांग्रेस के बड़े नेता और सरकारी एजेंसी में पदस्थ उनके पदाधिकारी व सदस्य खुद उसमें शामिल होते थे। पेपर लीक माफियाओं को सरकार का संरक्षण प्राप्त था, जिस वजह से उनकी गिरफ्तारियां नहीं होती थीं।

**मोदी सरकार ने सेना के विमानों से पहुंचाए सुरक्षित पेपर**

जोशी ने कहा कि वर्तमान नीट मामले में युवाओं के भविष्य की चिंता करते हुए सरकार ने पहली बार देश के इतिहास में एक अनूठी और सुरक्षित पहल की है। सरकार ने पहली बार आर्मी (सेना) के प्लेन के माध्यम से पेपर्स को सुरक्षित जगहों तक पहुँचाया है, ताकि इसकी बेहतर और अचूक मॉनिटरिंग की जा सके।

**दोषियों पर त्वरित कार्रवाई**

सांसद ने स्पष्ट किया कि जहाँ कांग्रेस के समय में धांधली करने वालों को शह मिलती थी, वहीं आज की सरकार में पारदर्शिता को सर्वोपरि रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ तुरंत कड़ा एक्शन लिया गया है और आगे भी पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की जा रही है।

उन्होंने अंत में दोहराया कि एक तरफ कांग्रेस राज में अपराधियों की भागीदारी और संरक्षण का दौर था, और दूसरी तरफ आज युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने वाली भाजपा की सरकार है।

## सावर ब्लॉक में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 75 बूथों पर 9,081 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार, 28 जून 2026 को ब्लॉक सावर में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 9,081 (73.20 प्रतिशत) बच्चों को 75 पोलियो बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान का शुभारंभ विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सावर में पंचायत समिति प्रतिनिधि मनजीत सिंह शक्तावत एवं पुर्व पंचायत समिति सदस्य विशाखा कंवर शक्तावत ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अभियान के प्रथम चरण के बाद शेष रह गए बच्चों को 29 एवं 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी पात्र बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रहे।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की



दवा अवश्य पिलवाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

## सवाईपुर में नवजात शिशु को पोलियों पिलाकर की राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान की शुरुआत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान की शुरुआत सवाईपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नवजात शिशु को पोलियों की खुराक पिलाकर की । इसके साथ ही तीन दिवसीय पल्स पोलियों अभियान की शुरुआत हुई । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के तहत 0 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चे को पोलियों की खुराक पिलाई गई । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. बनवारी लाल चौधरी ने नवजात शिशु को



दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की । सवाईपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र में 29 बूथों पर बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जा रही, 3200 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ चौधरी सहित देबीलाल गाड़री, लोकेश जीनगर, संतोष चौधरी, परमेश्वर कुमार, हरिशंकर श्रोत्रिय, शायर वैष्णव आदि मौजूद रहे ।।

## आसींद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, बच्चों को पिलाई गई पोलियो खुराक

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) आसींद में पोलियो बूथ का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ केंद्र परिसर में स्थित बूथ पर 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया। बूथ प्रभारी नीतू व राजकुमारी टेलर ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की सुरक्षा चक्र देने के लिए खुराक अवश्य पिलवाएं। आसींद खंड के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ.



प्रीतम गुप्ता ने कहा कि ब्लॉक के समस्त बूथों पर आज बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जा रही है। तथा आगामी सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य टीमों द्वारा घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

# 655 से अधिक युवक-युवतियों ने दिया परिचय, ब्राह्मण सम्मेलन में शिक्षा और संस्कार पर जोर

## 45 भामाशाह सम्मानित, ब्रह्म भोज के साथ हुआ समापन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा, राजस्थान के तत्वावधान में रविवार को महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित सर्व ब्राह्मण युवक-युवती डिजिटल एवं विशाल परिचय सम्मेलन में देश-विदेश से आए 655 से अधिक युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। सम्मेलन में 16 वकील, 70 एमबीए, 14 डॉक्टर-इंजीनियर, सीए, आईटी प्रोफेशनल, सरकारी अधिकारी तथा 4 एनआरआई युवक-युवतियों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान करीब 55 परिवारों ने आपसी सहमति से वैवाहिक रिश्तों पर सकारात्मक चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। महंत बाबू गिरि महाराज एवं मुरारी जी महाराज के सानिध्य में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। आगंतुकों का पारंपरिक तिलक से स्वागत किया गया तथा ढोल-नगाड़ों और बैंड की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। अनुष्का जोशी सहित अन्य कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे सम्मेलन सामाजिक एकता, संस्कार और योग्य जीवनसाथी के चयन का सशक्त माध्यम हैं। चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी ने ब्राह्मण समाज की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित करते हुए समाज के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, चितवन व्यास (गुड्डू भैया), अविचल व्यास तथा एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा ने भी समाज में शिक्षा, संगठन और संस्कारों के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन में 'परिचय माधुरी' स्मारिका का विमोचन किया गया तथा राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा ने संगठन को प्रत्येक ब्राह्मण परिवार तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर डॉ. उमाशंकर पारीक, सुशील व्यास, मुरलीधर जोशी, रामगोपाल पारीक, श्यामसुंदर त्रिपाठी, सत्यप्रकाश डिडवानिया, मधुसूदन पारीक सहित कुल 45 भामाशाहों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का समापन विशाल ब्रह्म भोज के साथ हुआ, जिसमें देशभर एवं विदेशों से आए ब्रह्म बंधुओं ने 'एक रंगत, एक पंगत, एक संगत' की भावना के साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया तथा अन्न की बर्बादी नहीं करने का संकल्प लिया।

प्रदेश महामंत्री बृजेश पारीक ने बताया कि सम्मेलन के सफल आयोजन में अनुभव जोशी, प्रवीण शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं महिला शक्ति का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# पल्स पोलियो अभियानः गुरला में 2334 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

## घर-घर जाकर छूटे बच्चों को दवा पिलाएंगी स्वास्थ्य विभाग की टीमें

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को ग्राम गुरला में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई गई। अभियान के तहत सुबह 8 बजे से ही विभिन्न पोलियो बूथों पर अभिभावकों ने अपने बच्चों को लेकर पहुंचना शुरू कर दिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरला के प्रभारी डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में बनाए गए 26 पोलियो बूथों पर स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों एवं



एएनएम की टीमों ने अभियान चलाकर 2334 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस दौरान बच्चों को टॉफी और गुब्बारे देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

उन्होंने बताया कि अभियान के दूसरे और तीसरे चरण में सोमवार एवं मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

पोलियो बूथ पर अपने बच्चे को दवा पिलाने पहुंची सुनीता सुवालका और चंदा सुवालका ने कहा कि 'दो बूंद पिलाकर हम अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए।'

अभियान को सफल बनाने में आशा शर्मा, चंदा त्रिपाठी, रेखा सेन, अनिता वैष्णव, सुनीता कुमारी, सुमन सोनी, मीना सुवालका सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# 'मन की बात' देशवासियों को नई प्रेरणा और सकारात्मक दिशा देती है : कोठारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

विधायक अशोक कुमार कोठारी के कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति, प्राचीन शिक्षा परंपरा, खेल, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, 'वोकल फॉर लोकल', मिट्टी की मूर्तियों के उपयोग तथा सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर विचार रखे। उन्होंने



प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

इस अवसर पर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक 'मन की बात' एपिसोड देशवासियों को नई प्रेरणा, नई सोच और सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, जल संरक्षण, योग, प्राकृतिक खेती, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री के विचार समाज को जागरूक करने वाले हैं।

कार्यक्रम में गौभक्त सुनील जागेटिया ने गौ माता सम्मान अभियान की जानकारी देते हुए जनसहभागिता का आह्वान किया। विवेकानंद केंद्र के प्रांतीय संयोजक भगवान सिंह चौहान ने 'मन की बात' को भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़ने वाला प्रेरणादायी मंच बताया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट लादूलाल तेली ने कार्यक्रम के संदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कवि रामनिवास सोनी ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया तथा अंत में कैलाश जीनगर ने राष्ट्रगान का गायन किया।

कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल टाक ने किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति दिनेश शर्मा, मदनलाल अग्रवाल, तेजमल शर्मा, प्रदीप सांखला, केदार जागेटिया, देवीलाल गुर्जर, विवेक निमावत, सत्यनारायण गुगड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक कोठारी ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता के दिए निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने उपनगर सांगानेर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों, नालों, भूमि समतलीकरण, उद्यान निर्माण एवं अन्य आधारभूत विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत सांगानेर स्थित श्री रामदेवजी मंदिर परिसर से हुई, जहां गड्ढे के समतलीकरण, प्रस्तावित उद्यान निर्माण तथा सांगानेर तालाब में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। विधायक ने सभी कार्य



निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके बाद विधायक कोठारी मानसरोवर झील पहुंचे, जहां जलकुंभी हटाने के कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि झील से लगभग 99 प्रतिशत जलकुंभी हटाई जा चुकी है। विधायक ने नौका विहार कर झील की स्थिति का अवलोकन किया तथा शेष कार्य शीघ्र पूरा करने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

उन्होंने रीको चतुर्थ फेज में निर्माणाधीन सीसी सड़कों एवं अन्य विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं समन्वय के साथ कार्य कर आमजन को शीघ्र बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संजय राठी, गजेंद्र सिंह राठौड़, केदार जागेटिया, सत्यनारायण गुगड़, दिनेश सुथार, पृथ्वीराज, महेंद्र प्रजापत सहित भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# झलकारी बाई सर्किल पोलियो बूथ पर 527 बच्चों को पिलाई गई खुराक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



कोली समाज विकास ट्रस्ट एवं वीरांगना झलकारी बाई महिला मंडल के सहयोग से सांगानेरी गेट स्थित झलकारी बाई सर्किल पर आयोजित पल्स पोलियो अभियान में 1 दिन से 5 वर्ष तक के 527 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

जिला पल्स पोलियो अधिकारी एवं आरसीएचओ डॉ. अभिनव निर्वाण ने बूथ का निरीक्षण कर बताया कि शहर में सर्वाधिक 527 बच्चों को इसी बूथ पर खुराक पिलाई गई। उन्होंने कहा, 'पोलियो ईश्वर के वरदान में एक अभिशाप है, जिसे दो बूंद पल्स पोलियो की खुराक से हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है।'

अभियान के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक के साथ भामाशाहों के सहयोग से खिलौने भी वितरित किए गए। समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश सुनारिया ने चिकित्सा विभाग की टीम का सम्मान किया।

अभियान को सफल बनाने में अंतिमा सुनारिया के नेतृत्व में महिला मंडल की सदस्यों, चिकित्सा विभाग की टीम तथा समाज के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर बरूंदनी में विशेष पूजा-अर्चना व हवन

**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास**



( रोशन )। क्षेत्र में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर ग्राम बरूंदनी में पंच-पटेलों एवं ग्रामीणों के सानिध्य में गांव के देवी-देवताओं के मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। बड़े मंदिर, लक्ष्मीनाथजी मंदिर, गणेश मंदिर चौक के मन्दिर, कुड़ी मंदिर तथा परसा के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन किया गया।

धार्मिक अनुष्ठान आचार्य सतीश पंचोली, दुर्गाशंकर भट्ट एवं अंबालाल ओझा के सानिध्य में संपन्न हुए। इस दौरान इंद्रदेव से समय पर अच्छी वर्षा होने, किसानों की समृद्धि तथा गांव में सुख-शांति और खुशहाली बनी रहने की प्रार्थना की गई। परचाके मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर गांव में सदैव सुख-समृद्धि, शांति और मंगलमय वातावरण बने रहने की कामना की गई।

अनुष्ठान के बाद ग्रामीणों ने गांव के बाहर सामूहिक रूप से भोजन तैयार कर गांव बारा (ग्रामभोज) का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। इसमें गांव के मन्दिर के पुजारी व गांव केगणमान्य नागरिक उपस्थित थे

# बरूंदनी में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का सफल आयोजन, बच्चों को पिलाई गई जीवनरक्षक खुराक

**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास**



( रोशन)। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को ग्राम बरूंदनी में आखरिया बस स्टैंड स्थित पोलियो बूथ पर पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक दवा पिलाई गई। अभियान का शुभारंभ चंवरा हनुमानजी मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल अहीर ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया तथा सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। अभियान का नेतृत्व बरूंदनी अस्पताल प्रभारी डॉ. राहुल चौधरी के निर्देशन में किया गया। इस दौरान इंद्रा धाकड़, प्रतिभा जाट (एएनएम), आशा सहयोगिनी बबली भट्ट, भुला साहू, श्यामबाला वैष्णव, शारदा देवी, सीमा पंचोली एवं सुपरवाइजर ममता मीणा ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने और अभिभावकों को जागरूक करने का कार्य किया।

इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ के राधेश्याम मीणा एवं जीवन पंचोली, प्रशासनिक गजेंद्र साहू, वार्ड पंच शिव प्रकाश भट्ट, दुर्गाशंकर वैष्णव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने सरकार के इस महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और कहा कि 'दो बूंद जिंदगी की' हर बच्चे तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# सवाईपुर ग्राम पंचायत में ग्राम सभा आज

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन होगा । प्रशासक किशन लाल जाट ने बताया कि कल सोमवार को प्रातः 10:30 बजे सवाईपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम सभा का आयोजन होगा, जिसमें आवास के लाभार्थियों का अनुमोदन किया जाना है, इसके साथ ही अन्य कई प्रस्तावों पर चर्चा होगी ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।